प्रेषक,

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी,
वाराणसी।

सेवा में,

1— उपकुल सचिव (विकास), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
2— वित्त अधिकारी / उपकुल सचिव, महात्मा गांधी काशीविद्यापीठ, वाराणसी।
3— रजिस्ट्रार, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
4— क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
5— जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी।
6— संयुक्त निदेशक / प्रबंधन, शिक्षा (पूर्वी क्षेत्र), वाराणसी।
7— संयुक्त निदेशक / प्रधानाचार्य, आई०टी०आई०, चौकाघाट, वाराणसी।
8— क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, वाराणसी।

पत्रांक C-15 / पि0व0क0 / छात्रवृत्ति / 2015—16, दिनांक 22 अप्रैल, 2015

विषय— वर्ष 2015—16 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन करने वाले छात्र / छात्राओं के आधार कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्र संख्या सी—622 दिनांक 07 फरवरी, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2015—16 में आनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरे जाने हेतु जिन छात्र—छात्राओं के आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उन छात्र—छात्राओं के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाये जाने का अनुरोध किया गया था। अतः वर्तमान वित्तीय में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 9—10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत नवीनीकरण व नये छात्रों के आवेदन पत्र दिनांक 15—04—2015 से भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, जिसमें सम्बन्धित छात्र छात्राओं को अपने आधार कार्ड नम्बर / इनरोलमेण्ट नम्बर को भरा जाना है।

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि अपने नियंत्रणाधीन समस्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र—छात्राएं जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उन समस्त छात्र—छात्राओं के आधार कार्ड / इनरोलमेण्ट तत्काल प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि कोई भी पात्र छात्र—छात्रा छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र भरने से वंचित न रहने पाये।

कृपया उक्त कार्य को विशेष प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कन्हैया यादव)
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी,
वाराणसी।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1— निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2— जिलाधिकारी, वाराणसी।
3— मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी,
वाराणसी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

कुलसचिव कार्यालय (विकास)

पत्रांकः आर.– डेव.–9 सा0जा0 / अनु0जा0 / जनजाति / क0छ0 / 2015–16 89633 दिनांकः 28.04.2015

अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रतिलिपि निम्न को इस कार्यालय का पत्रांक संख्या आर. डेव.–9 सा0जा0 / अनु0जा0 / जनजाति / क0छ0 / 2014–15 / 85102 दिनांकः 20.02.2015 के क्रम में पुनः जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वाराणसी का पत्र दिनांक 22.04.2015 इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने संकाय / विभाग से संबंधित छात्र / छात्राओं को सत्र 2015–16 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु उनके आधार कार्ड / इनरोलमेन्ट तत्काल प्राथमिकता के आधार पर कराने के लिये निर्देशित करे ताकि कोई भी छात्र / छात्रा छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र भरने से वंचित न रहने पाये।

1. समस्त निदेशक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
2. समस्त संकाय प्रमुख, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्या, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
5. सहायक कुलसचिव, राजीव गाँधी साऊथ कैम्पस, बरकच्छा, मिर्जापुर।
6. जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, वाराणसी को सूचनार्थ हेतु।

कृष्णमित्र त्रिवेदी
28.04.15

सहायक कुलसचिव (विकास)

28/4/15 28/4/15